Prepp
Your Personal Exams Guide

# UPSSSC PET Oct 28, 2023 Shift 2 Question Paper

प्रश्न पुस्तिका
QUESTION BOOKLET

279020806

**KM3**

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet No.

समय / Time : 2 घंटे / 2 Hours

पूर्णांक / Maximum Marks : 100

## निर्देश / INSTRUCTIONS

अभ्यर्थी द्वारा ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर अनुक्रमांक, पंजीयन संख्या, प्रश्न पुस्तिका क्रमांक, परीक्षा केन्द्र कोड, परीक्षा तिथि तथा पाली आदि सभी प्रविष्टियों को काले/नीले बॉल प्वाइंट पेन से भरना अनिवार्य है। ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में प्रश्न पुस्तिका क्रमांक की प्रविष्टि को न भरे जाने अथवा गलत भरने की दशा में ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और इसके लिए अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।

**It is compulsory for the candidate to fill all entries on the OMR Answer Sheet like Roll No., Registration No., Question Booklet No., Exam Centre Code, Examination Date and Shift etc. using Black/Blue ball point pen. In case of making no entry or making wrong entry of Question Booklet No. on OMR Answer Sheet, the evaluation of OMR Answer Sheet shall not be done and the candidate himself/herself will be responsible for it.**

1. परीक्षा प्रारम्भ होते ही प्रश्न पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की भली-भाँति जाँच कर यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक **1** से अन्तिम क्रमांक **100** तक सभी प्रश्न क्रमवार मुद्रित हैं एवं प्रश्न पुस्तिका में सभी पृष्ठ मौजूद हैं । किसी भी प्रकार की विसंगति होने पर प्रश्न पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक अंतरीक्षक से बदलवा लें । परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट के पश्चात् ऐसी स्थिति में किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।
   At the start of the examination, check your Question Booklet and OMR Answer Sheet and ensure that all the questions from S.No. **1** to last S.No. **100** are printed and all the pages are present in the Question Booklet. In case of any discrepancy, the candidate should replace the Question Booklet and OMR Answer Sheet from the invigilator. No objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.
2. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
   Answer all questions. All questions carry equal marks.
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए । ओवरराइटिंग और एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा तथा **ऐसे प्रत्येक उत्तर के लिए एक-चौथाई अंक काटा जाएगा** । प्रश्न को अनुत्तरित छोड़ने पर शून्य अंक दिया जाएगा ।
   Only one answer is to be given for each question. Overwriting and marking multiple answers will be considered as wrong answers and **1/4th mark will be deducted for each such answer**. Leaving a question unanswered will get zero mark.
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः (A), (B), (C), (D) अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर **काले/नीले बॉल प्वाइंट पेन** से भरना है ।
   Each question has four alternative responses marked serially as (A), (B), (C), (D). You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the OMR Answer Sheet using **BLACK/BLUE BALL POINT PEN**.
5. कैलकुलेटर, मोबाइल फोन/ब्लूटूथ डिवाइस अथवा अन्य किसी इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी ।
   Use of Calculator, Mobile Phone/Bluetooth devices or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. If any such prohibited material found with any candidate, strict action will be taken against him/her as per rule.
6. यदि किसी प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरों में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की अस्पष्टता/त्रुटि हो तो प्रश्न का अंग्रेजी रूपान्तरण मान्य होगा ।
   If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature in Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.
7. अभ्यर्थी परीक्षा-भवन छोड़ने से पहले ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की सभी तीनों प्रतियाँ अलग किये बिना अंतरीक्षक को सौंप दें, अन्यथा अभ्यर्थी उचित दण्ड/वैधानिक कार्रवाई के पात्र होंगे । ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की अभ्यर्थी प्रति अंतरीक्षक द्वारा अलग करके अभ्यर्थी को दे दी जायेगी ।
   Before leaving the Examination Hall candidate must hand over all the three copies of OMR Answer Sheet to the invigilator without separating them, otherwise candidate will be liable for appropriate penal/legal action. Invigilator will hand over the candidate's copy of OMR Answer Sheet to the candidate after separating it.
8. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त अभ्यर्थी अपनी ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की अभ्यर्थी प्रति तथा अपनी प्रयुक्त प्रश्न पुस्तिका अपने साथ ले जा सकते हैं ।
   After the exam is over, the candidates can take their candidate copy of OMR Answer Sheet and their used Question Booklet along with them.

**इस प्रश्न पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।**
**Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.**

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (प्र. 1-5)**

इस रत्नगर्भा वसुंधरा के अंतःस्थल में हीरे-मणि-माणिक्य और सम्पदा का अभाव नहीं है। धरती का विस्तीर्ण अतल गर्भ अनंत धनराशि से भरा पड़ा है। आवश्यकता है, इसके वक्ष को चीरकर उन्हें उगलवा लेने वाले दृढ़ संकल्प और साहस की। धरती के अंदर विद्यमान धनराशि के कारण ही धरती वसुंधरा कहलाती है। इस धरा पर रहने वाले कुछ लोग ऐसा मानते हैं कि यदि भाग्य में नहीं है तो हथेली पर आई वस्तु भी नष्ट हो जाती है। जब हम अपना चिंतन केवल भाग्यवाद को आधार मानकर करते हैं, तो हम लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपेक्षित प्रयत्न नहीं करते। प्रयत्न के अभाव में फल भी नहीं मिलता और लोग भाग्य को दोष देते रहते हैं। ऐसे भाग्यवादी लोगों को कायर माना जाता है। अकूत सम्पदा तो उसी को मिल सकती है जो पूर्ण संकल्प के साथ कार्य में प्रवृत्त हो। जैसे अर्जुन का ध्यान पक्षी की बेधे जाने वाली आँख पर था, उसी प्रकार जो लक्ष्य के प्रति एकनिष्ठ होकर सतत प्रयासशील रहता है, समय के परिपाक के साथ उस लक्ष्य को पाने में सफल हो जाता है। ऐसे लोग जो भाग्य के सहारे बैठे रहते हैं और प्रतीक्षा करते रहते हैं कि अली बाबा की सिम-सिम वाली गुफा का द्वार कब खुलता है, उन्हें जब असफलता का अँधेरा अपने चारों ओर घिरता दिखाई देता है, तब वे पछतावा करते हैं कि उन्होंने व्यर्थ ही समय गँवा दिया। मनुष्य के पास सभी कुछ पा लेने की क्षमता होती है, पर कैसे उसे पाया जाएगा उसके लिए संपूर्ण-निर्णयशक्ति, दृढ़ संकल्प और अपेक्षित परिश्रम आवश्यक है। कई बार लक्ष्य के एकदम समीप पहुँच कर हम प्रयत्न करना छोड़ देते हैं और भाग्य को दोष देते हैं। भाग्य जैसी कोई वस्तु या तो होती ही नहीं है और या परिश्रम की चाबी के साथ मिलकर भाग्य की चाबी काम करती है। भाग्य की अकेली चाबी सफलता के ताले को नहीं खोल सकती। इसीलिए कवि तुलसीदास ने कहा है – कायर मन कर एक अधारा। दैव दैव आलसी पुकारा॥

1. गद्यांश में कायर किसको माना गया है ?
   (A) जो अपेक्षित परिश्रम से डरकर भाग्य का आश्रय ले।
   (B) जो युद्ध में शत्रु को पीठ दिखाकर भाग जाए।
   (C) जो पड़ोसी के ललकारने पर घर के अंदर छिप जाए।
   (D) जो मेहनत करने से पीछे न हटे।

2. भाग्य को कौन लोग दोष देते रहते हैं ?
   (A) जो प्रयत्न के अभाव में फल न मिल पाने के कारण बचाव का बहाना खोजते हैं।
   (B) जो परिश्रमशील होते हैं और सफल हो जाते हैं।
   (C) जो किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं।
   (D) जिनको पहले से पता होता है कि उन्होंने मेहनत नहीं की है और वे सफल होने वाले नहीं हैं।

3. 'परिश्रम' शब्द कौन सी व्याकरणिक इकाई है ?
   (A) सर्वनाम (B) संज्ञा
   (C) विशेषण (D) क्रिया-विशेषण


4. जब हम अपना चिंतन केवल भाग्यवाद को आधार मानकर करते हैं तब क्या होता है ?
   (A) हम पूरी तरह से मेहनत करते हैं।
   (B) हम सफल हो जाते हैं।
   (C) हम लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपेक्षित प्रयत्न नहीं करते हैं और असफल होते हैं।
   (D) संपूर्ण-निर्णयशक्ति, दृढ़ संकल्प और अपेक्षित परिश्रम करने के कारण सफलता पा लेते हैं।

5. जीवन में भाग्य का फल किसको मिलता है ?
   (A) जो भाग्य की अकेली चाबी से सफलता के ताले को खोलने का प्रयास करते हैं।
   (B) जो भाग्य के सहारे बैठे रहते हैं और प्रतीक्षा करते रहते हैं कि अली बाबा की सिम-सिम वाली गुफा का द्वार कब खुलता है।
   (C) जो परिश्रम की चाबी के साथ भाग्य की चाबी मिलाकर सफलता का ताला खोलने का प्रयास करते हैं।
   (D) जो दैव-दैव पुकार कर सफलता के ताले को खोलने का प्रयास करते हैं।

www.prepp.in

**(प्र. 6-10) :** निम्नलिखित ग्राफ विभिन्न लोगों द्वारा कार्य पूरा करने में लगने वाले समय को दर्शाता है :

**(Q. 6-10) :** The following graph shows the time taken by different people to complete the work :




**6.** स्नेहा, कैलाश से दोगुनी कुशल है और वे दोनों मिलकर उतना ही काम करते हैं जितने समय में चमन और अक्षय मिलकर करते हैं । कैलाश व्यक्तिगत रूप से कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकता है ?

Sneha is twice as efficient as Kailash and together they do the same work in as much time as taken by Chaman and Axay together. In how many days Kailash can complete the work individually ?

(A) 10 दिन/days (B) 5 दिन/days
(C) 15 दिन/days (D) 20 दिन/days

**7.** यदि वे सभी एक साथ कार्य करें तो कार्य को पूरा करने में कुल कितना समय लगेगा ?

What is the total time taken to complete the work if all of them work together ?

(A) 29/40 दिन/days (B) 40/29 दिन/days
(C) 80/29 दिन/days (D) 29/80 दिन/days

**8.** निम्नलिखित में से कौन सा समूह कार्य को पूरा करने में न्यूनतम समय लेता है ?

(A) चमन और रमेश (B) राकेश और अक्षय
(C) अक्षय और रमेश (D) चमन और अक्षय

Which of the following groups take minimum time to complete the work ?

(A) Chaman and Ramesh
(B) Rakesh and Axay
(C) Axay and Ramesh
(D) Chaman and Axay

**9.** 5 दिनों तक काम करने के बाद राकेश से अक्षय जुड़ जाता है । यदि वे शेष कार्य को 5 और दिनों में पूरा करते हैं, तो अक्षय अकेले कितने दिनों में कार्य पूरा कर सकता है ?

After working for 5 days Rakesh is joined by Axay. If they complete the remaining work in 5 more days, in how many days can Axay alone complete the work ?

(A) 10 दिन/days (B) 5 दिन/days
(C) 15 दिन/days (D) 20 दिन/days


**10.** चमन और अक्षय ने संयुक्त रूप से काम शुरू किया । कुछ दिनों बाद मिहिर भी उनके साथ शामिल हो गया और इस तरह उन सभी ने 5 दिनों में पूरा काम पूरा कर लिया । इन सभी को कुल मिलाकर ₹ 3,000 का भुगतान किया गया । मिहिर का हिस्सा कितना है ?

Chaman and Axay started the work jointly. A few days later Mihir also joined them and thus all of them completed the whole work in 5 days. All of them were paid total ₹ 3,000. What is the share of Mihir ?

(A) ₹ 600 (B) ₹ 500 (C) ₹ 700 (D) ₹ 750

**(प्र. 11-15) :** दिया गया बार ग्राफ विभिन्न वर्षों में खाड़ी (गल्फ) में भारत, अफगानिस्तान और नेपाल के लोगों द्वारा धारित नौकरियों का प्रतिशत दर्शाता है । बार ग्राफ का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :

**(Q. 11-15) :** Given bar graph shows the percentage of jobs held by peoples of India, Afghanistan and Nepal in the Gulf over the different years. Study the bar graph and answer the following questions :




**11.** यदि वर्ष 2018 और 2021 में नौकरी करने वाले कुल व्यक्तियों का अनुपात 3:5 है और 2021 में खाड़ी (गल्फ) में कुल भारतीय 4400 हैं, तो वर्ष 2018 में खाड़ी (गल्फ) में नेपाल के कुल लोगों का पता लगाएँ ।

If the ratio of the total persons who are doing their jobs in the year 2018 and 2021 is 3:5 and the total Indians in the Gulf in 2021 are 4400, then find the total Nepal people in the year 2018 in Gulf.

(A) 2250 (B) 1525 (C) 1575 (D) 1680

**12.** यदि वर्ष 2018 में अफगानिस्तान के कुल लोगों की संख्या 2340 है और वर्ष 2018 और 2019 में अफगानिस्तान के लोगों का अनुपात 45:88 है, तो वर्ष 2018 और 2019 में मिलाकर खाड़ी (गल्फ) में व्यक्तियों की कुल संख्या ज्ञात कीजिए।
If the total Afghanistan people in the year 2018 are 2340 and ratio of Afghanistan people in the years 2018 and 2019 is 45:88, then find the total number of persons in the Gulf in the years 2018 and 2019 together.
(A) 20800 (B) 22000 (C) 16700 (D) 17500

**13.** यदि 2018 से 2022 तक सभी दिए गए वर्षों में कुल व्यक्तियों का अनुपात 2 : 3 : 3 : 4 : 5 है, तो 2018 से 2022 तक सभी दिए गए वर्षों में खाड़ी (गल्फ) में कुल भारतीयों का अनुपात ज्ञात करें।
If ratio of total persons in all the given years from 2018 to 2022 is 2 : 3 : 3 : 4 : 5, then find the ratio of total Indians in the Gulf over all the given years from 2018 to 2022.
(A) 25 : 23 : 21 : 22 : 20
(B) 23 : 27 : 25 : 24 : 30
(C) 23 : 27 : 21 : 22 : 20
(D) 24 : 27 : 21 : 23 : 20

**14.** यदि वर्ष 2019 में खाड़ी (गल्फ) में कुल भारतीयों की संख्या वर्ष 2022 में खाड़ी (गल्फ) में अफगानिस्तान के कुल लोगों के बराबर है, तो संबंधित वर्षों में खाड़ी (गल्फ) में नेपाल के लोगों का अनुपात ज्ञात कीजिए।
If total Indians in Gulf in the year 2019 are equal to the total Afghanistan people in Gulf in the year 2022, then find the ratio of Nepal people in Gulf in the respective years.
(A) 2:5 (B) 1:5 (C) 2:3 (D) 3:5

**15.** यदि 2020 में कुल व्यक्ति 2021 में कुल नेपाल लोगों के तीन गुना हैं और वर्ष 2020 में कुल भारतीय 5775 हैं, तो ज्ञात करें कि वर्ष 2020 में कुल भारतीय वर्ष 2021 में कुल नेपाल लोगों से कितने प्रतिशत अधिक हैं।
If total persons in 2020 are three times the total Nepal people in 2021 and also the total Indians in the year 2020 are 5775, then find that the total Indians in the year 2020 are how much percent more than the total Nepal people in the year 2021.
(A) 2.5% (B) 0% (C) 4% (D) 5%

**(प्र. 16-20) :** डेटा का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न के उत्तर दें :
तालिका एक दुकानदार द्वारा बेची गई वस्तुओं और उनकी कीमतों और लाभ को दर्शाती है।
**(Q. 16-20) :** Study the data carefully and answer the questions given below :
The table shows the items sold by a shopkeeper and their prices and profit.

| वस्तुएँ/ Item | लागत मूल्य/ Cost Price | लाभ%/ Profit% | छूट/ Discount |
|---|---|---|---|
| बैग/Bag | 230 | 10% | 48 |
| शर्ट/Shirt | 320 | 15% | 96 |
| चश्मे/Eye-Glasses | 200 | 25% | 35 |
| पैंट/Pant | 450 | 12% | 72 |
| पुस्तक/Book | 140 | 20% | 14 |

**16.** यदि अँगूठी का लागत मूल्य शर्ट के लागत मूल्य से 30% अधिक है और दुकानदार 35% छूट देकर 25% अर्जित करना चाहता है, तो अंकित मूल्य क्या होगा ?
If the cost price of the Ring is 30% more than the cost price of Shirt and the shopkeeper wants to earn 25% after giving 35% discount so what will be the marked price ?
(A) ₹ 710 (B) ₹ 650 (C) ₹ 800 (D) ₹ 840

**17.** दुकानदार ने एक ग्राहक को 2 शर्ट, 3 चश्मे, 2 पैंट और 1 किताब बेची। उसका अनुमानित औसत लाभ क्या है ?
The shopkeeper sold 2 Shirts, 3 Eye-glasses, 2 Pants and 1 Book to a customer. What is his approximate average profit ?
(A) ₹ 56 (B) ₹ 60.12
(C) ₹ 52.15 (D) ₹ 47.75

**18.** स्नेहा ने 1 शर्ट, 2 बैग और 1 पैंट खरीदा और दुकानदार ने अंकित मूल्य पर 5% अतिरिक्त छूट दी, दुकानदार का अनुमानित कुल लाभ ज्ञात कीजिए।
Sneha purchased 1 Shirt, 2 Bags and 1 Pant and shopkeeper gave 5% additional discount on the marked price, find the approximate total profit of the shopkeeper.
(A) 80.95 (B) 72.3 (C) 65.9 (D) 78.45

**19.** चश्मे का अंकित मूल्य पुस्तक के अंकित मूल्य से लगभग कितना प्रतिशत अधिक है ?
Marked price of Eye-glass is approximately how much percent more than the marked price of Book ?
(A) 50% (B) 56.59%
(C) 87.15% (D) 62.19%

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**20.** दुकानदार द्वारा बेचे गए चश्मे और किताब पर छूट प्रतिशत का अनुपात क्या है ?

What is the ratio of the discount percent of the Eye-glasses and Book sold by shopkeeper ?

(A) 91 : 57  (B) 25 : 16

(C) 57 : 91  (D) 16 : 25

**(प्र. 21-25) :** प्रश्न निम्नलिखित तालिका चार्ट पर आधारित हैं जो एक ट्रेडिंग कंपनी के 2015-16 से 2020-21 तक उसके चार उत्पादों P, Q, R और S पर विज्ञापन व्यय (₹ करोड़ में) को दर्शाता है । (लाभ = बिक्री – विज्ञापन व्यय)

**(Q. 21-25) :** The questions are based on the following table chart which represents the advertisement expenditure (in ₹ crores) of a trading company from 2015-16 to 2020-21 on four of its products P, Q, R and S. (Profit = Sales – Advertising expenditure)

| वर्ष/Year | P | Q | R | S |
|---|---|---|---|---|
| 2015-16 | 50 | 75 | 50 | 25 |
| 2016-17 | 25 | 75 | 50 | 25 |
| 2017-18 | 50 | 50 | 75 | 25 |
| 2018-19 | 75 | 25 | 0 | 25 |
| 2019-20 | 50 | 75 | 50 | 50 |
| 2020-21 | 75 | 50 | 100 | 25 |

दिए गए वर्षों के लिए बिक्री इस प्रकार है :

Sales for given years are as follows :

| | |
|---|---|
| 2015-16 | ₹ 300 करोड़ / crores |
| 2016-17 | ₹ 450 करोड़ / crores |
| 2017-18 | ₹ 500 करोड़ / crores |
| 2018-19 | ₹ 150 करोड़ / crores |
| 2019-20 | ₹ 600 करोड़ / crores |
| 2020-21 | ₹ 700 करोड़ / crores |

**21.** किस वर्ष में उत्पाद Q का लाभ सबसे अधिक है, यदि इसकी बिक्री हर साल कुल बिक्री का 20% है ?

In which year the product Q's profit is the highest, if its sales form 20% of the total sales every year ?

(A) 2019-20  (B) 2020-21

(C) 2018-19  (D) 2016-17

**22.** 2021-22 में कपनी की बिक्री 30% घट गई । 2021-22 के लिए कुल विज्ञापन खर्च उसी दर से बढ़े, जिस दर से 2019-20 से 2020-21 तक कुल विज्ञापन खर्च बढ़े थे । 2021-22 के लिए अनुमानित लाभ क्या है ?

In 2021-22, the sales of the company decreases by 30%. Total advertising expenses for 2021-22 grow at the same rate as they did from the total advertising expenses 2019-20 to 2020-21. What is the approximate profit for 2021-22 ?

(A) ₹ 300 करोड़ / crores

(B) ₹ 400.12 करोड़ / crores

(C) ₹ 520.122 करोड़ / crores

(D) ₹ 212.225 करोड़ / crores

**23.** यदि वर्ष 2016-17 में सभी उत्पादों के लिए विज्ञापन व्यय आधा हो जाता है और 2020-21 में दोगुना हो जाता है और अन्य वर्षों के लिए यह समान रहता है, तो किस वर्ष के दौरान लाभ सबसे अधिक है ?

If the advertising expenditure for all the products in the year 2016-17 is halved and that in 2020-21 is doubled and for the other years it remains the same, then during which year the profit is the highest ?

(A) 2019-20  (B) 2017-18

(C) 2020-21  (D) 2018-19

**24.** दिए गए वर्षों में, उत्पाद S का विज्ञापन व्यय P और R के मिलाकर विज्ञापन व्यय के प्रतिशत के रूप में किस वर्ष में सबसे कम है ?

Among the given years, the advertising expenditure of product S as a percentage of the advertising expenditure of P and R together is least in

(A) 2016-17  (B) 2017-18

(C) 2020-21  (D) 2018-19

**25.** यदि वर्ष 2020-21 में उत्पादों P, Q, R और S की बिक्री का अनुपात 2 : 5 : 1 : 2 है, तो S का लाभ उसी वर्ष Q के लाभ का लगभग कितना प्रतिशत है ?

If the ratio of sales of the products P, Q, R and S in the year 2020-21 is 2 : 5 : 1 : 2, then the profit of S is approximately what percentage of the profit of Q in the same year ?

(A) 38.33%  (B) 33.33%

(C) 45.38%  (D) 22.85%

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

26. कोलकाता स्थित फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना वर्ष 1800 में किसके द्वारा की गई थी ?
(A) लॉर्ड विलियम बेंटिंक (B) रिचर्ड वेलेज़ली
(C) वॉरेन हेस्टिंग्स (D) जोनाथन डंकन

By whom the Fort William College located at Kolkata was founded in year 1800 ?
(A) Lord William Bentinck
(B) Richard Wellesley
(C) Warren Hastings
(D) Jonathan Duncan

27. स्वतंत्र भारत में उत्खनन किया गया पहला हड़प्पा स्थल निम्नलिखित में से कौन सा था ?
(A) कालीबंगा (B) देसलपुर
(C) लोथल (D) रोपड़

Which of the following was the first Harappan site excavated in Independent India ?
(A) Kalibangan (B) Desalpur
(C) Lothal (D) Ropar

28. समुद्रगुप्त की प्रशस्ति, संस्कृत में एक कविता के रूप में किस कवि द्वारा रचित थी जिसे इलाहाबाद में अशोक स्तंभ पर अंकित किया गया था ?
(A) भारवि (B) भास
(C) हरिषेण (D) बाणभट्ट

Prashasti of Samudragupta in the form of a poem in Sanskrit was composed by which poet that was inscribed on the Ashokan pillar at Allahabad ?
(A) Bharavi (B) Bhasa
(C) Harishena (D) Banabhatta

29. खिज्र खान दिल्ली का शासक था, निम्नलिखित में से किस राजवंश से संबंधित था ?
(A) तुर्की राजवंश (B) तुगलक राजवंश
(C) सैय्यद राजवंश (D) लोदी राजवंश

Khizr Khan was a ruler of Delhi, belonged to which of the following dynasties ?
(A) Turkish Dynasty (B) Tughlaq Dynasty
(C) Sayyid Dynasty (D) Lodi Dynasty

30. महावीर और उनके अनुयायियों की शिक्षाएँ कई शताब्दियों तक मौखिक रूप से प्रसारित होती रहीं। इन्हें लगभग 1500 वर्ष पहले लिखा गया था। वर्तमान में वे निम्नलिखित में से किस स्थान पर उपलब्ध हैं ?
(A) पटना, बिहार
(B) श्रावस्ती, उत्तर प्रदेश
(C) वल्लभी, गुजरात
(D) श्रवणबेलगोला, कर्नाटक

The teachings of Mahavira and his followers were transmitted orally for several centuries, they were written down about 1500 years ago, presently those are available at which of the following places ?
(A) Patna, Bihar
(B) Shravasti, Uttar Pradesh
(C) Valabhi, Gujarat
(D) Shravanabelagola, Karnataka

31. भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन की निम्नलिखित घटनाओं को उनके घटित होने के वर्ष से मिलाएँ :

| | | |
|---|---|---|
| (i) | बारडोली में किसान आंदोलन | (a) 1921 |
| (ii) | महात्मा गाँधी ने नोआखली की यात्रा की | (b) 1918 |
| (iii) | गाँधीजी ने लंगोटी पहनना शुरू किया | (c) 1946 |
| (iv) | अहमदाबाद में मिल मजदूरों की हड़ताल | (d) 1928 |

Match the following events of the Indian National Movement with the year they had taken place :

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Peasant movement in Bardoli | (a) 1921 |
| (ii) | Mahatma Gandhi visited Noakhali | (b) 1918 |
| (iii) | Gandhiji began wearing a loincloth | (c) 1946 |
| (iv) | Mill workers strike in Ahmedabad | (d) 1928 |

(A) (i)-(d), (ii)-(c), (iii)-(b), (iv)-(a)
(B) (i)-(d), (ii)-(b), (iii)-(c), (iv)-(a)
(C) (i)-(d), (ii)-(c), (iii)-(a), (iv)-(b)
(D) (i)-(b), (ii)-(c), (iii)-(d), (iv)-(a)

www.prepp.in

32. वर्ष 1922 में असहयोग आंदोलन को निलंबित करने के बाद गाँधीजी को अहमदाबाद में गिरफ्तार कर लिया गया और कितने वर्षों के साधारण कारावास की सज़ा सुनाई गई ?
(A) चार (B) तीन (C) आठ (D) छह
After suspending the Non-Cooperation movement in the year 1922, Gandhiji was arrested at Ahmedabad and sentenced to simple imprisonment for how many years ?
(A) Four (B) Three (C) Eight (D) Six

33. भारत सरकार अधिनियम, 1935 भारत के लिए ब्रिटिश संसद द्वारा पारित सबसे लंबा अधिनियम था । मूल रूप से पारित अधिनियम, बहुत लंबा होने के कारण, दो अलग-अलग अधिनियमों में विभाजित किया गया था अर्थात् भारत सरकार अधिनियम, 1935 और ________ ।
(A) ढाका सरकार अधिनियम, 1935
(B) बर्मा सरकार अधिनियम, 1935
(C) व्हाइट सरकार अधिनियम, 1935
(D) क्रिप्स सरकार अधिनियम, 1935
The Government of India Act, 1935 was the longest Act passed by the British Parliament for India. The Act originally passed, being very lengthy, was divided into two separate acts namely, the Government of India Act, 1935 and ________.
(A) Government of Dhaka Act, 1935
(B) Government of Burma Act, 1935
(C) Government of White Act, 1935
(D) Government of Cripps Act, 1935

34. बंगाल के विभाजन ने पूरे भारत में लोगों को क्रोधित कर दिया था और डेल्टा आंध्र (आंध्र के डेल्टा क्षेत्र) में स्वदेशी आंदोलन हुआ था, इसे निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता था ?
(A) होम रूल आंदोलन (B) वंदे आंदोलन
(C) वंदेमातरम आंदोलन (D) क्रांतिकारी आंदोलन
The partition of Bengal infuriated people all over India and Swadeshi Movement had taken place in deltaic Andhra, it was known by which of the following names ?
(A) Home Rule Movement
(B) Vande Movement
(C) Vandemataram Movement
(D) Revolutionary Movement

35. निम्नलिखित में से किसे "भूरा (ब्राउन) कोयला" भी कहा जाता है ?
(A) एन्थ्रेसाइट (B) लिग्नाइट
(C) कोक (D) सब-बिटुमिनस
Which of the following is also called "Brown Coal" ?
(A) Anthracite (B) Lignite
(C) Coke (D) Sub-bituminous

36. मिट्टी के कणों और चट्टानों की दरारों के बीच का सारा स्थान पानी से भरा होता है, इस परत की ऊपरी सीमा कहलाती है
(A) जल संस्तर (वॉटर बेड)
(B) जल स्तर (वॉटर लेवल)
(C) जल तालिका (वॉटर टेबल)
(D) जल परत (वॉटर लेयर)
All the space between particles of soil and gaps between rocks are filled with water, the upper limit of this layer is called :
(A) Water Bed (B) Water Level
(C) Water Table (D) Water Layer

37. 13 जून, 1943 को सुभाषचंद्र बोस निम्नलिखित में से किसके निमंत्रण पर पूर्वी एशिया आए थे ?
(A) रासबिहारी बोस (B) बारिन्द्र कुमार घोष
(C) शरतचंद्र बोस (D) चित्तरंजन दास
Subhash Chandra Bose had come to East Asia on an invitation from which of the following on June 13, 1943 ?
(A) Rasbihari Bose
(B) Barindra Kumar Ghosh
(C) Saratchandra Bose
(D) Chittaranjan Das

38. हिमालय का कौन सा भाग नदियों द्वारा लायी गयी असंगठित तलछट से बना है ?
(A) शिवालिक श्रेणी (रेंज)
(B) असम हिमालय
(C) पूर्वाचल श्रेणी (रेंज)
(D) कुमाऊँ हिमालय
Which part of the Himalayas is composed of unconsolidated sediments brought down by rivers ?
(A) The Shiwalik Range
(B) The Assam Himalaya
(C) The Purvachal Range
(D) The Kumaon Himalaya

Prepp
Your Personal Exams Guide

39. भारत में एशिया का पहला निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र (ईपीजेड) कहाँ स्थापित किया गया था ?
(A) फाल्टा, पश्चिम बंगाल
(B) कांडला, गुजरात
(C) विशाखापट्नम, आंध्र प्रदेश
(D) सांता क्रूज़, महाराष्ट्र

Where was the first Export Processing Zone (EPZ) of Asia set up in India ?
(A) Falta, West Bengal
(B) Kandla, Gujarat
(C) Visakhapatnam, Andhra Pradesh
(D) Santa Cruz, Maharashtra

40. अल-नीनो एक जटिल मौसम प्रणाली है जो हर तीन से सात साल में एक बार दिखाई देती है । यहाँ "अल-नीनो" शब्द का क्या अर्थ है ?
(A) शुभ वर्षा-ऋतु
(B) बाल मसीह (चाइल्ड क्राइस्ट)
(C) प्रारंभिक वर्षा-ऋतु
(D) बाल वर्षा-ऋतु

El-Nino is the complex weather system that appears once every three to seven years. Here what is the meaning of the word El-Nino ?
(A) Happy Monsoon
(B) Child Christ
(C) Early Monsoon
(D) Monsoon Child

41. निम्नलिखित में से किस रेगिस्तान में 250 मीटर (820 फीट) तक ऊँचे बड़े रेत के टीले हैं और पृथ्वी पर रेतीले रेगिस्तान का सबसे बड़ा सन्निहित क्षेत्र है ?
(A) नामीब रेगिस्तान
(B) सोनोरा रेगिस्तान
(C) अटाकामा रेगिस्तान
(D) रब अल खली रेगिस्तान

Which of the following desert contains large sand dunes up to 250 metres (820 feet) high and the largest contiguous area of sandy desert on Earth ?
(A) The Namib Desert
(B) The Sonora Desert
(C) The Atacama Desert
(D) The Rub al Khali Desert

42. अपने पहले चरण के दौरान, ऑपरेशन फ्लड ने भारत के 18 प्रमुख दुग्धशेडों को भारत के चार प्रमुख महानगरीय शहरों में उपभोक्ताओं के साथ जोड़ा । निम्नलिखित में से कौन सा शहर इस ऑपरेशन का हिस्सा नहीं था ?
(A) कोलकाता
(B) बेंगलुरु
(C) मुंबई
(D) चेन्नई

During its first phase, Operation Flood linked 18 of India's premier milksheds with consumers in India's four major metropolitan cities. Which of the following cities was not the part of this operation ?
(A) Kolkata
(B) Bengaluru
(C) Mumbai
(D) Chennai

43. पंचवर्षीय योजना के किस संस्करण का उद्देश्य खाद्यान्न उत्पादन में तेजी लाना, रोज़गार के अवसर बढ़ाना और 'खाद्य, कार्य और उत्पादकता' पर ध्यान केंद्रित करते हुए उत्पादकता बढ़ाना था और वह बहुत सफल रहा ?
(A) पाँचवीं
(B) प्रथम
(C) छठी
(D) सातवीं

Which edition of the Five-Year Plan aimed at accelerating food grain production, increasing employment opportunities & raising productivity with focus on 'food, work & productivity' and that was very successful ?
(A) Fifth
(B) First
(C) Sixth
(D) Seventh

44. निम्नलिखित में से कौन "भारतीय आर्थिक नियोजन के जनक" थे ?
(A) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर
(B) महात्मा गाँधी
(C) एम. विश्वेश्वरैया
(D) डॉ. नॉर्मन बोरलॉग

Who among the following was "the father of Indian Economic planning" ?
(A) Dr. B.R. Ambedkar
(B) Mahatma Gandhi
(C) M. Visvesvaraya
(D) Dr. Norman Borlaug

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

45. स्वतंत्र भारत के प्रथम मुख्य चुनाव आयुक्त कौन थे ?
(A) टी. स्वामीनाथन (B) सुकुमार सेन
(C) आर.के. त्रिवेदी (D) डॉ. एम.एस. गिल
Who was the first Chief Election Commissioner of Independent India ?
(A) T. Swaminathan (B) Sukumar Sen
(C) R.K. Trivedi (D) Dr. M.S. Gill

46. समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976 के किस अध्याय (चैप्टर) में पुरुष और महिला श्रमिकों को समान दरों पर पारिश्रमिक का भुगतान और अन्य मामले शामिल हैं ?
(A) अध्याय II (B) अध्याय I
(C) अध्याय III (D) अध्याय IV
Which chapter of the Equal Remuneration Act, 1976 contains payment of remuneration at equal rates to men and women workers and other matters ?
(A) Chapter II (B) Chapter I
(C) Chapter III (D) Chapter IV

47. जीएसटी की कौन सी प्रमुख विशेषता क्रेडिट के निर्बाध प्रवाह की अनुमति देती है और अंतिम उपभोक्ता पर कर के बोझ को कम करती है ?
(A) इनपुट क्रेडिट कर (B) ऑनलाइन अनुपालन
(C) संरचना कर (D) गंतव्य-आधारित कर
Which salient feature of GST allows the seamless flow of credits and reduces the tax burden on the end consumer ?
(A) Input Credit Tax
(B) Online Compliance
(C) Composition Tax
(D) Destination-based Tax

48. निम्नलिखित में से किस मामले पर अकेले केंद्रीय विधानमंडल के पास कानून बनाने की शक्ति है, जिसे अवशिष्ट शक्तियों के रूप में जाना जाता है ?
(A) पशुधन (B) पशुपालन
(C) साइबर कानून (D) व्यापार और वाणिज्य
On which of the following matters Union Legislature alone has the power to legislate that is known as Residuary Powers ?
(A) Livestock
(B) Animal Husbandry
(C) Cyber Laws
(D) Trade and Commerce

49. निम्नलिखित में से किस जानवर में अच्छी तरह से विकसित जल संवहनी तंत्र होता है ?
(A) स्टारफिश (B) स्पंज
(C) हाइड्रा (D) जेलिफ़िश
Which of the following animals possesses a well-developed water vascular system ?
(A) Starfish (B) Sponge
(C) Hydra (D) Jellyfish

50. किसी चालक का प्रतिरोध निम्नलिखित में से किस कारक पर निर्भर नहीं करता है ?
(A) चालक का पदार्थ (मटीरियल)
(B) लंबाई
(C) इसके क्रॉस-सेक्शन (अनुप्रस्थ-काट) के क्षेत्रफल के विपरीत
(D) चालक की आर्द्रता
The resistance of a conductor does not depend on which of the following factors ?
(A) Material of the conductor
(B) Length
(C) Inversely on its area of cross-section
(D) Humidity of the conductor

51. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में यह शामिल है कि "राज्यपाल विधान सभा को संबोधित कर सकते हैं; राज्यपाल सदन को संदेश भेज सकते हैं ?"
(A) अनुच्छेद 165 (B) अनुच्छेद 176
(C) अनुच्छेद 175 (D) अनुच्छेद 164
Which article of the Indian Constitution includes that "The Governor may address the Legislative Assembly; the Governor may send messages to the House" ?
(A) Article 165 (B) Article 176
(C) Article 175 (D) Article 164

52. निम्नलिखित में से कौन जिला और अधीनस्थ न्यायालयों और उच्च न्यायालयों के आदेशों, निर्णयों और मामले के विवरण का एक व्यापक डेटाबेस प्रदान करता है ?
(A) नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया
(B) भारतीय कानून संस्थान
(C) राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी
(D) राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड
Which of the following provides a comprehensive database of orders, judgements and case details of District and Subordinate Courts and High Courts ?
(A) National Law School of India
(B) Indian Law Institute
(C) National Judicial Academy
(D) National Judicial Data Grid

www.prepp.in
Prepp Your Personal Exams Guide

53. मानव मस्तिष्क में दो न्यूरॉन्स के बीच के अंतर को निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है ?
(A) सिनैप्स (B) अक्षतंतु (एक्सॉन)
(C) द्रुमाश्म (डेंड्राइट) (D) आवेग (इम्पल्स)
The gap between two neurons in the Human Brain is known by which of the following name ?
(A) Synapse (B) Axon
(C) Dendrite (D) Impulse

54. निम्नलिखित का योग ज्ञात कीजिए :
Find the sum of the following :
$\frac{1}{9}+\frac{1}{6}+\frac{1}{12}+\frac{1}{20}+\frac{1}{30}+\frac{1}{42}+\frac{1}{56}+\frac{1}{72}$
(A) $\frac{1}{2}$ (B) $\frac{1}{2520}$
(C) $\frac{1}{9}$ (D) 2520

55. $x$ के किस मान के लिए, कथन $\left[\frac{(x)}{21}\times\frac{(x)}{189}\right]=1$ सही है ?
For what value of $x$, statement $\left[\frac{(x)}{21}\times\frac{(x)}{189}\right]=1$ is correct ?
(A) 3969 (B) 21 (C) 63 (D) 147

56. $(81)^{-1}\times 3^{-5}\times 3^{9}\times(64)^{5/6}\times(\sqrt[3]{3})^{6}=?$
(A) 299 (B) 288 (C) 388 (D) 188

57. कच्चे आमों में निम्नलिखित में से कौन सा अम्ल पाया जाता है ?
(A) एसीटिक एसिड (B) फॉर्मिक एसिड
(C) टार्टरिक एसिड (D) बेन्ज़ोइक एसिड
Which of the following acids is found in Unripe Mangoes ?
(A) Acetic Acid (B) Formic Acid
(C) Tartaric Acid (D) Benzoic Acid

58. निम्नलिखित में से किस उपकरण का उपयोग भूमिगत जल दबाव को मापने और जल गुणवत्ता परीक्षण के लिए पानी का नमूना लेने के लिए किया जाता है ?
(A) मैनोमीटर (B) पीज़ोमीटर
(C) बैरोमीटर (D) गेज ऐडैप्टर
Which of the following instruments is used to measure underground water pressure and to take water sample for water quality testing ?
(A) Manometer (B) Piezometer
(C) Barometer (D) Gauge Adapter

59. $(0.0203\times 2.92)/(0.0073\times 14.5\times 0.7)=?$
(A) 1.45 (B) 0.8 (C) 2.40 (D) 3.25

60. गीता की राय में, उसका वजन 55 किलोग्राम से अधिक लेकिन 62 किलोग्राम से कम है। गीता की माँ गीता से सहमत नहीं है और वह सोचती है कि गीता का वजन 50 किलोग्राम से अधिक लेकिन 60 किलोग्राम से कम है। उसके भाई का मानना है कि उनका वजन 58 किलोग्राम से ज्यादा नहीं हो सकता। यदि वे सभी अपने अनुमान में सही हैं, तो गीता के विभिन्न संभावित वजनों का औसत क्या है ?
(A) 57 किलोग्राम (B) 56.5 किलोग्राम
(C) 56 किलोग्राम (D) अपर्याप्त डेटा
In Geeta's opinion, her weight is greater than 55 kg but less than 62 kg. Geeta's mother does not agree with Geeta and she thinks that Geeta's weight is greater than 50 kg but less than 60 kg. Her brother's view is that her weight can't be greater than 58 kg. If all of them are correct in their estimation, what is the average of different probable weights of Geeta ?
(A) 57 kg
(B) 56.5 kg
(C) 56 kg
(D) Data inadequate

61. निम्नलिखित में से किस विकल्प में वाक्यांश के लिए एक शब्द सही नहीं है ?
(A) गिरने से कुछ ही बची इमारत – ध्वंसावशेष
(B) पूर्णिमा की रात – कुहू
(C) शिव का धनुष – पिनाक
(D) ऐसी भूमि जो उपजाऊ न हो – ऊसर

62. 'हाथ को हाथ न सूझना' – मुहावरे का अर्थ क्या है ?
(A) असमंजस में पड़ना।
(B) कुछ काम न सूझना।
(C) बहुत घना अँधेरा होना।
(D) भौंचक रह जाना।

63. पितृ + इच्छा के योग से कौन सा शब्द बनेगा ?
(A) पितरूच्छा (B) पित्रीच्छा
(C) पितृच्छा (D) पित्रिच्छा

64. निम्न में से किस विकल्प में सभी शब्द 'तरंगिणी' शब्द के पर्यायवाची हैं ?
(A) ललना, रमणी, सरिता
(B) वनिता, कामिनी, आपगा
(C) सरिता, तटिनी, निम्नगा
(D) निर्झरिणी, निमग्ना, विभावरी

65. निम्नलिखित में से रचनाकार और उनकी रचना के अनुसार कौन सा युग्म गलत है ?
(A) बाणभट्ट – कादम्बरी
(B) जयशंकर प्रसाद – लोकायतन
(C) वात्स्यायन – कामसूत्र
(D) मुंशी प्रेमचंद – गोदान

66. Put the correct article :
________ President of the United States will be in Bharat next week.
(A) A (B) no article
(C) The (D) An

67. A person who has an obsessive wish to steal.
(A) bibliomaniac (B) kleptomaniac
(C) theomaniac (D) dipsomaniac

68. Fill in the blank with correct preposition :
Virat plays Cricket ________ Football.
(A) within (B) beside (C) after (D) besides

**Read the following paragraph and answer the following questions : (Q. 69 and 70)**

The State Emblem is an adaptation of the Lion Capital of Asoka at Sarnath. In the original, there are four lions, mounted back-to-back, on a circular abacus, which itself rests on a bell-shaped lotus. The frieze of the abacus has sculptures in high relief of an elephant, a galloping horse, a bull and a lion separated by intervening Dharma Chakras. The profile of the Lion Capital showing three lions mounted on the abacus with a Dharma Chakra in the centre, a bull on the right and a galloping horse on the left, and outlines of Dharma Chakras on the extreme right and left was adopted as the State Emblem of India on January 26, 1950. The bell-shaped lotus was omitted. The motto Satyameva Jayate, which means 'Truth Alone Triumphs', written in Devanagari script below the profile of the Lion Capital is part of the State Emblem of India.

69. Which of the following animals is not included in national emblem ?
(A) Tiger (B) Elephant
(C) Horse (D) Bull

70. What is in the centre of national emblem ?
(A) Lion (B) Dharma Chakra
(C) Bull (D) Lotus

71. पंद्रह बच्चे एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर मुख करके खड़े हैं । सौरव, राधा के निकटतम बाईं ओर है और बाएँ छोर से आठवें स्थान पर है । बिमल दायें छोर से दूसरे स्थान पर है । निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सत्य नहीं है ?
(A) राधा और बिमल के बीच चार बच्चे हैं ।
(B) राधा दाएँ छोर से 7वें स्थान पर है ।
(C) सौरव और बिमल के बीच पाँच बच्चे हैं ।
(D) बिमल बाएँ छोर से 13वें स्थान पर है ।
Fifteen children are standing in a row facing north. Saurav is to the immediate left of Radha and is eighth from the left end. Bimal is second from the right end. Which of the following statements is not true ?
(A) There are four children between Radha and Bimal.
(B) Radha is 7th from right end.
(C) There are five children between Saurav and Bimal.
(D) Bimal is 13th from the left end.

72. चेन्नई जयपुर से बड़ा है, सूरत कोलकाता से बड़ा है । रायपुर जयपुर जितना बड़ा नहीं है, लेकिन सूरत से बड़ा है, कोलकाता सूरत जितना बड़ा नहीं है, सबसे छोटा कौन सा है ?
(A) जयपुर (B) चेन्नई
(C) सूरत (D) कोलकाता
Chennai is bigger than Jaipur, Surat is bigger than Kolkata. Raipur is not as big as Jaipur, but is bigger than Surat, Kolkata is not as big as Surat, which is the smallest ?
(A) Jaipur (B) Chennai
(C) Surat (D) Kolkata

73. 10:25 बजे घड़ी की सूइयों के बीच प्रतिवर्ती कोण होता है
The reflex angle between the hands of a clock at 10:25 is
(A) 187½ (B) 197½
(C) 167½ (D) 157½

74. इनमें से बेजोड़ को चुनें :
Pick the odd one out :
(A) 161, 207, 299, 347
(B) 189, 243, 351, 405
(C) 175, 225, 325, 375
(D) 217, 279, 403, 465

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

75. इस प्रश्न में दो कथन I और II दिए गए हैं । ये कथन या तो स्वतंत्र कारण हो सकते हैं या स्वतंत्र कारणों या सामान्य कारण के प्रभाव हो सकते हैं । इनमें से एक कथन दूसरे कथन का प्रभाव हो सकता है । दोनों कथनों को पढ़ें और निर्णय लें कि निम्नलिखित में से कौन सा उत्तर विकल्प इन दोनों कथनों के बीच के संबंध को सही ढंग से दर्शाता है ।

कथन :

I. मौसम विभाग ने एक बयान जारी कर देश के कई हिस्सों में मानसून के दौरान कम बारिश होने का जिक्र किया है ।

II. सरकार ने संशोधित अनुमानित जीडीपी वृद्धि दर को पहले के अनुमान के स्तर से कम कर दिया है ।

(A) यदि कथन II कारण है और कथन I इसका प्रभाव है ।

(B) यदि कथन I कारण है और कथन II इसका प्रभाव है ।

(C) यदि दोनों कथन I और II स्वतंत्र कारणों के प्रभाव हैं ।

(D) यदि दोनों कथन I और II किसी सामान्य कारण के प्रभाव हैं ।

In this question two statements I and II are given. These statements may be either independent causes or may be effects of independent causes or a common cause. One of these statements may be the effect of the other statement. Read both the statements and decide which of the following answer choice correctly depicts the relationship between these two statements.

**Statements :**

I. The Meteorological Department has issued a statement mentioning deficient rainfall during monsoon in many parts of the country.

II. The Government has lowered the revised estimated GDP growth from the level of earlier estimates.

(A) If statement II is the cause and statement I is its effect.

(B) If statement I is the cause and statement II is its effect.

(C) If both the statements I and II are effects of independent causes.

(D) If both the statements I and II are effects of some common cause.

76. निम्नलिखित में से किसने हाल ही में जनता को वास्तविक समय में बाढ़ का पूर्वानुमान प्रदान करने के लिए एक मोबाइल एप्लीकेशन "फ्लडवॉच" लॉन्च की है ?

(A) श्री भूपेन्द्र यादव (B) श्री जी. किशन रेड्डी

(C) श्री अमित शाह (D) श्री कुशविंदर वोहरा

Who among the following has recently launched a mobile application "Floodwatch" to provide Real-Time Flood Forecasts to Public ?

(A) Shri Bhupender Yadav

(B) Shri G. Kishan Reddy

(C) Shri Amit Shah

(D) Shri Kushvinder Vohra

77. हाल ही में, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राजघाट के निकट निम्नलिखित में से किस स्थान पर महात्मा गाँधी की प्रतिमा का अनावरण किया है ?

(A) कृति मंदिर (B) गाँधी दर्शन

(C) महात्मा मंदिर (D) गाँधी बाग

Recently, President Draupadi Murmu has unveiled Mahatma Gandhi's statue at which of the following places near Rajghat ?

(A) Kriti Mandir (B) Gandhi Darshan

(C) Mahatma Mandir (D) Gandhi Bagh

78. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया) ने निम्नलिखित में से किस स्थान पर ग्लोबल फिनटेक फेस्ट-2023 में UPI पर क्रेडिट लाइन का अनावरण किया है ?

(A) बेंगलुरु (B) चेन्नई (C) नई दिल्ली (D) मुंबई

National Payments Corporation of India (NPCI) has unveiled Credit Line on UPI at the Global Fintech Fest-2023 at which of the following places ?

(A) Bengaluru (B) Chennai

(C) New Delhi (D) Mumbai

79. हाल ही में, अखिल भारतीय शिक्षा समागम का आयोजन भारत सरकार के निम्नलिखित में से किस मंत्रालय द्वारा किया गया था ?

(A) शिक्षा मंत्रालय और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय

(B) कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय

(C) गृह मंत्रालय

(D) संस्कृति मंत्रालय

Recently, Akhil Bharatiya Shiksha Samagam had been organized by which of the following ministries of Government of India ?

(A) Ministry of Education and Ministry of Skill Development & Entrepreneurship

(B) Ministry of Corporate Affairs

(C) Ministry of Home Affairs

(D) Ministry of Culture

www.prepp.in
Prepp Your Personal Exams Guide

80. निम्नलिखित में से किसे हाल ही में ललितपुर, नेपाल में आयोजित काठमांडू-कलिंग साहित्य महोत्सव में "यशस्वी सम्मान" प्राप्त हुआ है ?
(A) एन.पी. सऊद
(B) संदुक रुइत
(C) पुष्प कमल दहल
(D) डॉ. माधव प्रसाद पोखरेल
Who among the following has recently received "Yashaswi Samman" at Kathmandu-Kalinga Literary Festival organised at Lalitpur, Nepal ?
(A) N.P. Saud
(B) Sanduk Ruit
(C) Pushp Kamal Dahal
(D) Dr. Madhav Prasad Pokhrel

81. हाल ही में, सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने पूर्वी लद्दाख के करीब दुनिया की सबसे ऊँची मोटर वाहन चलाने योग्य सड़क का निर्माण शुरू किया है। निम्नलिखित में से वर्तमान में विश्व की सबसे ऊँची मोटर वाहन चलाने योग्य सड़क कौन सी है ?
(A) उमलिंगला दर्रा
(B) माना दर्रा
(C) लिकारू-मुंगला-फुकचे रोड
(D) खारदुंग-ला दर्रा
Recently, Border Roads Organisation (BRO) has commenced the construction of the World's Highest Motorable Road close to eastern Ladakh. Which of the following is the World's Highest Motorable Road presently ?
(A) Umlingla Pass
(B) Mana Pass
(C) Likaru-Mungla-Fukche Road
(D) Khardung-La Pass

82. निम्नलिखित में से किस संगठन ने हाल ही में एकलव्य-एक अनुसंधान संबद्ध कार्यक्रम लॉन्च किया है ?
(A) भारतीय विज्ञान संस्थान, अहमदाबाद
(B) नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, दिल्ली
(C) भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद
(D) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली
Which of the following organization has recently launched Eklavya – A Research Affiliate Programme ?
(A) The Indian Institute of Sciences, Ahmedabad
(B) The National Law University, Delhi
(C) The Indian Institute of Management, Ahmedabad
(D) The Indian Institute of Technology, Delhi

83. सऊदी अरब साम्राज्य ने निम्नलिखित में से किस स्थान पर दक्षिण पूर्व एशिया में मैत्री और सहयोग की संधि (टीएसी) में शामिल होने के दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर किए हैं ?
(A) वियतनाम, कंबोडिया (B) नेपीडॉ, म्यांमार
(C) जकार्ता, इंडोनेशिया (D) बैंकॉक, थाईलैंड
The Kingdom of Saudi Arabia has signed the Instrument of Accession to the Treaty of Amity and Cooperation in Southeast Asia (TAC) at which of the following places ?
(A) Vietnam, Cambodia
(B) Naypyidaw, Myanmar
(C) Jakarta, Indonesia
(D) Bangkok, Thailand

84. उस दिन का नाम बताएँ जो भारत में स्कूलों/कॉलेजों में छात्रों के बीच बचत की आदत को बढ़ावा देने के लिए हर साल 15 सितंबर को मनाया जाता है।
(A) किफ़ायती दिवस (B) संग्रहण दिवस
(C) संकलन दिवस (D) संचयिका दिवस
Name the day that is celebrated every year on 15th September in India to promote the habit of thrift among the students in schools/colleges.
(A) Kifayati Day (B) Sangrahan Day
(C) Sankalan Day (D) Sanchayika Day

85. निम्नलिखित में से कौन सा देश हाल ही में ब्रिक्स (BRICS) का नया सदस्य नहीं बना है ?
(A) इथियोपिया (B) ईरान
(C) क्यूबा (D) सऊदी अरब
Which of the following countries has not become recent new member of BRICS ?
(A) Ethiopia (B) Iran
(C) Cuba (D) Saudi Arabia

86. बैंक ऑफ इज़राइल हाल ही में ICCR में शामिल हुआ है, ICCR का पूर्ण रूप क्या है ?
(A) इंटरनेशनल कमिटी ऑन क्रेडिट रिपोर्टिंग
(B) इंटरनेशनल काउंसिल फॉर क्रेडिट रिपोर्टिंग
(C) इंटरनेशनल कमिटी फॉर क्रेडिट रिज़र्व
(D) इंटरनेशनल काउंसिल फॉर क्रेडिट रिज़र्व
The Bank of Israel has recently joined the ICCR, what is the full form of ICCR ?
(A) International Committee on Credit Reporting
(B) International Council for Credit Reporting
(C) International Committee for Credit Reserve
(D) International Council for Credit Reserve

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

87. खाशाबा दादासाहेब जाधव निम्नलिखित में से किस खेल में ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने थे ?
(A) तैराकी (B) एथ्लेटिक्स
(C) कुश्ती (D) शूटिंग
Khashaba Dadasaheb Jadhav had become the first Indian to win an Olympic medal in which of the following sports ?
(A) Swimming (B) Athletics
(C) Wrestling (D) Shooting

88. पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) की स्थापना के लिए सम्मेलन कहाँ हुआ था ?
(A) बगदाद (B) दुबई (C) कतार (D) तेहरान
Where the conference for establishment of the Organisation of the Petroleum Exporting Countries (OPEC) had taken place ?
(A) Baghdad (B) Dubai
(C) Qatar (D) Tehran

89. भारत के पहले नियोजित आधुनिक शहर की आधिकारिक भाषा निम्नलिखित में से कौन सी है ?
(A) अंग्रेजी (B) पंजाबी
(C) हिंदी (D) हरियाणवी
Which of the following is the official language of India's first planned modern city ?
(A) English (B) Punjabi
(C) Hindi (D) Haryanvi

90. निम्नलिखित में से किससे संबंधित एकमात्र उदाहरण है, जब भारत के राष्ट्रपति ने अपनी वीटो शक्ति का प्रयोग किया ?
(A) हिंदू कोड विधेयक
(B) दहेज निषेध विधेयक
(C) पीईपीएसयू (PEPSU) विनियोग विधेयक
(D) भारतीय डाकघर (संशोधन) विधेयक
The only instance when the President of India exercised his power of veto related to which of the following ?
(A) Hindu Code Bill
(B) Dowry Prohibition Bill
(C) PEPSU Appropriation Bill
(D) Indian Post-Office (Amendment) Bill

91. ऋषि मनु के अनुसार, पुरानी पवित्र नदियों सरस्वती और दृषद्वती के बीच का भूभाग ________ के नाम से जाना जाता था ।
(A) ब्रह्मवर्त (B) इंद्रप्रस्थ
(C) वर्णावत (D) तक्षशिला
According to Rishi Manu, the tract between the old sacred rivers Sarswati and Drishdvati was known as ____.
(A) Brahmavarta (B) Indraprastha
(C) Varnavat (D) Taxila

92. राष्ट्रीय समुद्र-विज्ञान संस्थान (NIO) का मुख्यालय निम्नलिखित में से किस स्थान पर है ?
(A) कोच्चि, केरल
(B) डोना पौला, गोवा
(C) मुंबई, महाराष्ट्र
(D) विशाखापट्नम, आंध्र प्रदेश
The National Institute of Oceanography (NIO) is having its headquarters at which of the following places ?
(A) Kochi, Kerala
(B) Dona Paula, Goa
(C) Mumbai, Maharashtra
(D) Visakhapatnam, Andhra Pradesh

93. निम्नलिखित में से किस भारतीय स्वतंत्रता सेनानी ने "हिंट्स फॉर सेल्फ-कल्चर" नामक पुस्तक लिखी थी ?
(A) रवीन्द्रनाथ टैगोर (B) लाला लाजपत राय
(C) लाला हरदयाल (D) बाल गंगाधर तिलक
Which one of the following Indian Freedom Fighter had written a book named "Hints for Self-Culture" ?
(A) Rabindranath Tagore
(B) Lala Lajpat Rai
(C) Lala Har Dayal
(D) Bal Gangadhar Tilak

94. उस जलडमरूमध्य का नाम बताइए जो जावा सागर को हिन्द महासागर से जोड़ता है ।
(A) फॉर्मोसा जलडमरूमध्य
(B) बोस्फोरस जलडमरूमध्य
(C) सुंडा जलडमरूमध्य
(D) मलक्का जलडमरूमध्य
Give name of the strait which connects the Java sea to the Indian ocean.
(A) Strait of Formosa
(B) Strait of Bosphorus
(C) Strait of Sunda
(D) Strait of Malacca

95. गुजरात के छोटाउदेपुर क्षेत्र में आमतौर पर पिथौरा को प्रसाद के रूप में केवल पुरुषों द्वारा बनाए गए भित्ति चित्र (Wall Murals) अर्पण किये जाते हैं। यहाँ, "पिथौरा" का अर्थ ________ है।
(A) अग्नि के देवता
(B) अन्न के देवता
(C) लकड़ी के देवता
(D) वन के देवता

Wall Murals only painted by Men commonly in the Chhotaudepur area of Gujarat as offerings to Pithora. Here, "Pithora" means ________.
(A) God of Fire
(B) God of Food Grains
(C) God of Wood
(D) God of Forest

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (प्र. 96-100)**

आज किसी भी व्यक्ति का सबसे अलग एक टापू की तरह जीना संभव नहीं रह गया है। भारत में विभिन्न पंथों और विविध मत-मतांतरों के लोग साथ-साथ रह रहे हैं। ऐसे में यह अधिक ज़रूरी हो गया है कि लोग एक-दूसरे को जानें; उनकी ज़रूरतों को, उनकी इच्छाओं-आकांक्षाओं को समझें उन्हें तरजीह दें और उनके धार्मिक विश्वासों, पद्धतियों, अनुष्ठानों को सम्मान दें। भारत जैसे देश में यह और भी अधिक ज़रूरी है, क्योंकि यह देश किसी एक धर्म, मत या विचारधारा का नहीं है। स्वामी विवेकानंद इस बात को समझते थे और अपने आचार-विचार में अपने समय से बहुत आगे थे। उनका दृढ़ मत था कि विभिन्न धर्मों-संप्रदायों के बीच संवाद होना ही चाहिए। वे विभिन्न धर्मों-संप्रदायों की अनेकरूपता को जायज़ और स्वाभाविक मानते थे। स्वामी जी विभिन्न धार्मिक आस्थाओं के बीच सामंजस्य स्थापित करने के पक्षधर थे और सभी को एक ही धर्म का अनुयायी बनाने के विरुद्ध थे। वे कहा करते थे, "यदि सभी मानव एक ही धर्म को मानने लगें, एक ही पूजा-पद्धति को अपना लें और एक-सी नैतिकता का अनुपालन करने लगें, तो यह सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात होगी, क्योंकि यह सब हमारे धार्मिक और आध्यात्मिक विकास के लिए प्राणघातक होगा तथा हमें हमारी सांस्कृतिक जड़ों से काट देगा"। हमें सभी धर्म-संप्रदाय-पंथ-विचारों के लोगों को और उनकी विचारधाराओं और उपासना पद्धतियों को उचित सम्मान देना चाहिए। किसी भी व्यक्ति को चाहे वह किसी जाति-धर्म और भाषा से सम्बंधित है, प्रकृति ने समान बनाया है। सभी मनुष्यों में एक ही परमात्मा का वास है। जागतिक विकास की दृष्टि से कोई पिछड़ा हो सकता है। यदि कोई पिछड़ा हुआ है तो उसे अपने साथ ले लेने से मानवता खिल उठती है।

96. मानवता कब खिल उठती है ?
(A) जब पिछड़ों को सहारा दिया जाता है।
(B) जब एकाधिक धर्मों को मानने वाले साथ रहते हैं।
(C) जब सभी में स्थित एक परमात्मा को ही एकमात्र सत्य स्वीकार किया जाता है।
(D) जब सभी का आध्यात्मिक विकास होगा।

97. 'आध्यात्मिक' शब्द में क्रमश: उपसर्ग, मूल शब्द और प्रत्यय हैं ?
(A) अधि + आत्म + इक
(B) आधि + आत्मा + क
(C) अध्य + आत्म + इक
(D) आधि + आत्म + इक

98. 'स्वामी विवेकानंद इस बात को समझते थे और अपने आचार-विचार में अपने समय से बहुत आगे थे।' वाक्य का प्रकार है
(A) मिश्रित वाक्य
(B) सामान्य वाक्य
(C) संयुक्त वाक्य
(D) विधिवाचक वाक्य

99. गद्यांश के अनुसार धर्म-सम्प्रदायों के विषय में विवेकानंद का विचार था कि
(A) केवल हिन्दू धर्म की पूजा पद्धति सही है।
(B) सभी धर्म समान हैं और धर्म-सम्प्रदायों की अनेकरूपता जायज़ और स्वाभाविक है।
(C) हिन्दुओं को भारत में रहने और अपना धर्मपालन करने का अधिकार है।
(D) भारत में केवल एक धर्म का पालन होना चाहिए।

100. हमारे धार्मिक और आध्यात्मिक विकास के लिए क्या प्राणघातक होगा ?
(A) भारत जैसे देश में किसी एक धर्म का पालन।
(B) भारत में अनेक धर्मों का पालन।
(C) भारत में एक से अधिक धार्मिक विश्वासों का अपनाना।
(D) पिछड़े लोगों पर अन्याय करना।